वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :2 | अंक : 301 | रविवार 26 फरवरी 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

# प्रदेश में दिन-रात के पारे में दोगुने का अंतर

## 16 शहरों में रात का पारा 2 से 3 डिग्री गिरा, 4 दिन बाद 4 डिग्री बढ़ने के आसार

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ का असर खत्म होते ही दिन-रात के पारे में हल्की गिरावट होने लगी है। शुक्रवार रात ज्यादातर शहरों में पारा 2 से 3डिग्री तक लुढ़का। हालांकि दिन-रात के पारे में दोगुने से अधिक का अंतर है। 16 शहरों में न्यूनतम पारा 15 डिग्री से नीचे आ गया जबकि 5 दिन पहले सभी शहरों में 20 डिग्री तक चला गया था। बीती रात करौली में 9.9, फतेहपुर 10.3, चित्तौड़गढ़ में 10.2 डिग्री दर्ज हुआ।

### मार्च के पहले हफ्ते से तापमान बढ़ेगा

मौसम विभाग के अनुसार फरवरी में दिन-रात के पारे में उतार-चढ़ाव जारी रहेगा, लेकिन मार्च के पहले हफ्ते से धूप में तेजी आएगी और सभी शहरों में दिन-रात का पारा 3 से 4 डिग्री बढ़ने का अनुमान है। जयपुर में दिन का पारा 31 डिग्री, रात का 16 डिग्री शहर दिन रात जयपुर 31.6 16.1 अलवर 31.5 10.7 सीकर 31.5 10.5 चूरू 33.6 11.5 चित्तौड़गढ़ 32.4 10.2 करौली 32.6 9.9 जैसलमेर 33.9 17.5



# सीकर रोड पर पद यात्राओ के चलते लगा रहा जाम







# तीन दिवसीय एल्यूरिंग प्रदर्शनी सम्पन्न: सांसद मीणा और भाजपा शहर जिलाध्यक्ष श्रीमाली ने बताया उपयोगी और सार्थक प्रयास

**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

भारत सरकार की ओर से आयोजित तीन दिवसीय एल्यूरिंग राजस्थान 2023 प्रदर्शनी का समापन शनिवार को हुआ। मुख्य अतिथि सांसद अर्जुनलाल मीणा थे। प्रदर्शनी संयोजक एम एम भास्कर ने बताया कि समापन समारोह में देश भर के विभिन्न राज्यों से आए स्टॉल धारकों को अवार्ड प्रदान किए गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद मीणा ने कहा कि आजादी का अमृत काल एवम विकास की राह पर हमारा भारत के तहत आयोजित एल्यूरिंग यह प्रदर्शनी निश्चित तौर पर हमारे कृषि क्षेत्र में काम करने वाले किसानों एवं काश्तकारों के लिए बहुत उपयोगी साबित हुई है। इतना ही नहीं, विद्यार्थियों और युवाओं के लिए भी यह प्रदर्शनी सोने पे सुहागा साबित हुई है। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे कुटीर उद्योगों के माध्यम से अपनी आजीविका चलाने वाले काश्तकार एवं किसानों को एक बड़ा मार्केट मिलेगा और उनकी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनेगी। इस अवसर पर शहर जिला भाजपा अध्यक्ष रविंद्र श्रीमाली ने कहा कि जनजाति क्षेत्र के लोगों के लिए भारत सरकार का यह प्रयास बहुत ही सराहनीय है। भारत सरकार के विभिन्न भागों से आए अधिकारियों कर्मचारियों को यहां के किसानों एवं जनजाति क्षेत्र के लोगों को करीब से देखने का मौका मिला। अंत में देशभर से आए स्टॉल धारकों के साथ शहर भाजपा नेता प्रमोद सामर सहित कई वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने स्टॉल धारकों का हौसला बढ़ाया एवं भारत सरकार का इस प्रदर्शनी के लिए आभार व्यक्त किया।

रिपोर्ट :
दिनेश शर्मा मोबाइल : 9828540157




प्रमुख समाज सेवी, कर्मठ कार्यकर्ता, जैन सोश्यल ग्रुप नॉर्दन रिजन के पी आर ओ, जैन सोश्यल ग्रुप महानगर के पूर्व अध्यक्ष



श्री राजीव जी-अंजू जी जैन

को वैवाहिक वर्षगाठ की

हार्दिक शुभकामनाएं

26 फरवरी मोबाईल नम्बर: 9829262723

शुभेच्छु: समस्त परिवार जन एवं मित्रगण

# रॉयन इंटरनेशनल स्कूल : सो गुड सीट्स फॉर ब्राइटर थीम पर मनाया वार्षिकोत्सव




**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

रॉयन इंटरनेशनल स्कूल, उदयपुर का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आरएनटी मेडिकल कॉलेज में ह्लसो गुड सीट्स फॉर ब्राइटरह्व थीम पर आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा एवं विशिष्ठ अतिथि जिला परिवहन अधिकारी कल्पना शर्मा थी। रायन ग्रुप के चैयरमेन डॉ.ए.एफ.पिंटो के विजन पॉइंट 'कला एवं संस्कृति' को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम का शुभारम्भ ईश्वर वंदना के साथ हुआ। नन्हे-मुन्हें बच्चों ने नाट्य एवं नृत्य की मनोहारी प्रस्तुतियों से दर्शकों को आनंदित कर दिया। विद्यार्थियों ने स्वागत भाषण, चार्ली-चेपलिन, काऊ बॉय, जोकर और घूमर नृत्य से दर्शकों की ढेरों तालियां बटोरीं। इस दौरान मांटेसरी के विद्यार्थियों को ग्रेजुएशन हेट्स पहनाकर ग्रेजुएशन सेरेमनी भी मनाई गई। साथ ही प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को रायन प्रिंस एवं प्रिंसेस का खिताब दिया गया। प्रधानाचार्या ने अतिथि और अभिभावकगण के प्रति आभार प्रकट किया। समापन विद्यालय गीत एवं राष्ट्रीय गान के साथ हुआ।

**रिपोर्ट : राकेश शर्मा 'राजदीप' मोबाइल : 9829050939**

# इनरव्हील क्लब : एक दिवसीय नव उल्लास पधारो म्हारे देश डिस्ट्रिक्ट मीट आयोजित

**उदयपुर. शाबाश इंडिया**



इनरव्हील क्लब उदयपुर के तत्वावधान में शनिवार को आईएस ओ मीट -2023 नव उल्लास पधारो म्हारे देश कार्यक्रम का आयोजन हर्ष एवं उल्लास के साथ संपन्न हुआ। क्लब अध्यक्ष रश्मि पगारिया ने बताया कि आरंभ में क्लब की सभी मेंबर्स ने डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन रीना अग्रवाल अध्यक्ष एवं रश्मि पगारिया के नेतृत्व में आसमान में गुब्बारे उड़ाकर मैत्री भाव का संदेश दिया। इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों राजस्थान गुजरात एवं मध्य प्रदेश की 200 मेंबर्स ने भाग लिया। सभी आए हुए मेंबर्स का राजस्थानी लोकगीत पधारो नी आओनी म्हारे देश गीत के साथ नृत्य कर स्वागत सत्कार किया। आईएसओ रेखा जैन ने बताया कि आयोजन के खास मेहमानों में डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन रीना अग्रवाल, डिस्ट्रिक्ट आईएसओ वर्षा शाह, सेक्रेटरी निशा खण्डपुर एवं सम्मेलन संयोजिक पुष्पा कोठारी कोटा से डिस्ट्रिक्ट वाइस प्रेसिडेंट चेयरमैन स्वाति गुप्ता मेहसाणा से एसी राखी देसाई जोधपुर से एडिटर विमला गट्टानी रचना सांगी थीं। साथ ही आयोजन में विशेष आमंत्रित 21 क्लब की आईएसओ थी। अध्यक्ष रश्मि पगारिया ने बताया कि उदयपुर इसका आयोजन होना क्लब के लिए गर्व की बात है। सचिव सीमा चंपावत ने बताया कि कोरोना काल के दो साल बाद आयोजित इस कार्यक्रम में एक निराश्रित एवं दिव्यांग महिला को रोजगार के लिए सिलाई मशीन भेंट की गई। कार्यक्रम में रीना अग्रवाल, स्वाति गुप्ता, राखी देसाई, निशा, वर्षा, विमला, चंद्रप्रभा, रचना आदि का क्लब की ओर से स्वागत अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रश्मि पगारिया एवं उनकी टीम ने भगवान गणेश जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। उसके बाद सभी मेंबर्स ने खड़े होकर सामूहिक प्रार्थना का गान किया। कार्यक्रम का संचालन सीमा चंपावत ने किया। रानी रोड स्थित ग्रेनाइट की बेंचो का लोकार्पण रीना अग्रवाल और निशा खंडपुर ने किया।

**रिपोर्ट: राकेश शर्मा 'राजदीप' मोबाइल:9829050939**

# वेद ज्ञान

## मन को स्थिर रखें...

यह मानसिक समस्याओं का युग है। प्रायः सभी लोगों की समस्या है कि मन स्थिर नहीं रहता। ध्यान में एकाग्रता नहीं हो पाती। चित्त स्थिर नहीं रह पाता। मन के इस कोलाहल के कारण ही हम अपनी अंतरात्मा की आवाज को नहीं सुन पाते। इसके लिए हमें अपने मन को शांत करना होगा। जिस तरह स्थिर पानी शांत होता है, लेकिन उसमें फेंका गया एक पत्थर उसमें तरंगें पैदा कर देता है, उसी तरह मन में उत्पन्न होने वाली तरंगें हमें चंचल और अशांत बनाती हैं। मन को वश में करना जरूरी है, जिसके लिए मन को संयमित रखना, अनुशासित करना मन-प्रबंधन है। जो मनन करे, वह मन है। मन के दो प्रकार हैं-द्रव्य मन और भाव मन। द्रव्य मन संपूर्ण शरीर में व्याप्त रहता है। भाव मन संकल्प-विकल्प, विचार-चिंतन और ज्ञान की अवस्था विशेष है। मन को एकाग्र करने के लिए ज्ञान को एकाग्र करना है। अज्ञान के कारण जब हमारा मन चलायमान होता है तो सम्यक ज्ञान द्वारा मन को आत्मोन्मुख करना ही मन का प्रबंधन है। जीवन में मन-प्रबंधन की अत्यंत आवश्यकता है। मन चंचल है, परंतु मन स्वभाव से चंचल नहीं होता। इसकी अस्थिरता के अनेक कारण हैं। जैसे अज्ञान, अनर्गल इच्छाएं, राग-द्वेष, क्रोध, असंयम, अधैर्य, भौतिक वस्तुओं के प्रति आसक्ति और कुछ शारीरिक कारण आदि। व्यक्ति बौद्धिक प्राणी है। व्यक्तिगत प्रयास द्वारा मन को अनुशासित और नियंत्रित करके मन का प्रबंधन कई उपायों द्वारा किया जा सकता है। मन को नियंत्रित करने के लिए सर्वप्रथम मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ होना आवश्यक है। इच्छाओं का नियमन, राग-द्वेष और मोह का त्याग आवश्यक है। इससे मन की भटकन समाप्त हो जाएगी, चित्त शांत हो जाएगा। ध्यान, प्राणायाम और योग से चित्त में स्थिरता आएगी और मन-प्रबंधन स्वतः होने लगेगा। मन-प्रबंधन के लिए संकल्प और इच्छाशक्ति का दृढ़ होना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए हमें नकारात्मक विचारों से दूर रहना चाहिए। ऐसे व्यक्तियों और पुस्तकों के संपर्क में रहना चाहिए जो सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में सहायक हों।

# संपादकीय

## आम जनजीवन का हिस्सा बन गई है अब तकनीक...

किसी भी देश में आर्थिक गतिविधियों में आम लोगों की भागीदारी मुख्य रूप से अपनी जरूरतों के संदर्भ में लेनदेन के रूप में होती है। आज तकनीक की रफ्तार इस कदर तेज और इसका दायरा इतना बड़ा है कि न केवल वक्त के लिहाज से, बल्कि बहुस्तरीय सुविधाओं के मद्देनजर भी यह आम जनजीवन का हिस्सा बनता जा रहा है। यों लगभग सभी क्षेत्रों में आधुनिक तकनीकी रोज नई ऊंचाई हासिल कर रही है, लेकिन खासतौर पर आर्थिक गतिविधियों में डिजिटल प्रणाली ने व्यापक पैमाने पर अपनी स्वीकार्यता बनाई है। यह बेवजह नहीं है कि आज भारी संख्या में लोग पैसों के लेनदेन के मामले में नगद पर निर्भर रहने के बजाय यूपीआइ जैसी डिजिटल सुविधा की ओर रुख करने लगे हैं। शायद इसी के मद्देनजर सरकार भी इस संदर्भ में एक तरह से स्पष्ट नीति पर चल रही है। गौरतलब है कि मंगलवार को प्रधानमंत्री ने ''यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस'' यानी यूपीआइ को भारत की सबसे पसंदीदा भुगतान प्रणाली बताया और कहा कि यह जल्दी ही नगदी लेनदेन को पीछे छोड़ देगी। दरअसल, भारत की ''यूपीआइ'' और सिंगापुर की ''पे नाऊ'' प्रणाली के बीच संपर्क सुविधा की शुरूआत की गई है, जो दोनों देशों की त्वरित भुगतान प्रणाली को मोबाइल ऐप के माध्यम से सुविधाजनक, सुरक्षित, तेज गति से और सीमा पार धन हस्तांतरण में सक्षम बनाएगी। इस सुविधा का सबसे बड़ा लाभ है कि अब भारत और सिंगापुर के लोग अपने मोबाइल फोन से उसी प्रकार धन का हस्तांतरण कर पाएंगे, जैसे वे अपने-अपने देशों में अभी करते हैं। आधुनिकी तकनीकी और इंटरनेट की दुनिया में व्यापक उपलब्धियों के दौर में यह स्वाभाविक ही है कि इसका उन क्षेत्रों में भी बेहतर सदुपयोग हो, जो किसी व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिहाज से अहम माने जाते हैं। किसी भी देश में आर्थिक गतिविधियों में आम लोगों की भागीदारी मुख्य रूप से अपनी जरूरतों के संदर्भ में लेनदेन के रूप में होती है। अब तक यह व्यवस्था नकद भुगतान के रूप में कायम रही है और लोग इसी के अभ्यस्त रहे हैं। लेकिन पिछले कुछ सालों में जब से इस क्षेत्र में डिजिटल माध्यम का विस्तार हुआ है, उसके बाद धीरे-धीरे सही, लेकिन बड़ी तादाद में लोग खरीद-बिक्री या फिर अन्य जरूरतों के मामले में पैसे के लेनदेन के लिए आनलाइन माध्यमों या मुख्य रूप से यूपीआइ का उपयोग करने लगे हैं। हाल ही में आए एक आंकड़े के मुताबिक वित्त वर्ष 2021-22 में पंजीकृत यूपीआइ लेनदेन पैंतालीस बिलियन रहा, जो पिछले तीन सालों में आठ गुना और पिछले चार सालों में पचास गुना बढ़ोतरी को दर्शाता है। जाहिर है, वक्त के साथ बदलते दौर और आधुनिक तकनीकी से लैस होती व्यवस्था में लोगों की भागीदारी बढ़ रही है। इसे सकारात्मक बदलाव कहा जा सकता है। लेकिन हकीकत यह भी है कि डिजिटलीकरण के समांतर साइबर अपराधों का जोखिम भी बढ़ा है। आए दिन ऐसे मामले सामने आते रहते हैं, जिनमें पैसों के भुगतान या लेनदेन में कोई गड़बड़ी हो जाती है। **-राकेश जैन गोदिका**



# परिदृश्य

## पारदर्शिता

दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया पर केंद्रीय जांच एजंसी को मुकदमा चलाने की मंजूरी मिल गई है। इसके बाद एक बार फिर राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला तेज हो गया है। कुछ दिनों पहले सीबीआइ ने अपनी जांच रपट में कहा था कि दिल्ली सरकार ने अपने अधीन आने वाले सभी विभागों, स्वायत्तशासी निकायों, संस्थानों और संस्थाओं के कामकाज में गड़बड़ियों की जानकारी जुटाने के नाम पर जो **''फीडबैक यूनिट''** गठित की थी, उसके जरिए जासूसी करने का प्रयास किया गया। इस संबंध में सीबीआइ ने उपराज्यपाल से मनीष सिसोदिया के खिलाफ मुकदमा चलाने की इजाजत मांगी थी। उपराज्यपाल ने वह मांग मान ली। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने भी मुकदमा चलाने की इजाजत दे दी। इस फैसले से आहत मनीष सिसोदिया ने खुद ट्वीट कर सीधे केंद्र सरकार और भाजपा पर हमला बोला। भाजपा की दिल्ली इकाई इस फैसले से उत्साहित है और वह सिसोदिया की गिरफ्तारी की मांग करने लगी है। दोनों दलों के बीच इस तरह के राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप और एक-दूसरे को छकाने की कोशिश कोई नई नहीं है। जब भी अनियमितता का कोई मामला सामने आता है, इसी तरह आम आदमी पार्टी के नेता केंद्र सरकार, उपराज्यपाल और भाजपा पर हमले शुरू कर देते हैं। इससे आम लोगों में भ्रम की स्थिति पैदा हो जाती है कि वास्तव में मामला अनियमितता का है भी या नहीं। नई आबकारी नीति के तहत घोटालों के आरोप लगे और जांच एजंसी ने उससे संबंधित तथ्य खंगालने शुरू किए, उससे जुड़े लोगों की गिरफ्तारियां शुरू हुईं, तब भी वह मामला दिल्ली सरकार बनाम उपराज्यपाल और केंद्र सरकार बना दिया गया। दिल्ली सरकार कहती रही कि उसमें कोई अनियमितता नहीं हुई, सब कुछ नियमों के तहत हुआ। मगर जांच एजंसी उसमें भ्रष्टाचार के तार तलाशती रही। उसी तरह विभिन्न विभागों के कामकाज पर नजर रखने के बहाने जासूसी कराने के आरोप को लेकर गदोर्गुबार उड़ाया जा रहा है। पर तथ्य यह है कि करीब आठ साल पहले दिल्ली सरकार ने अपने अधीन आने वाले विभिन्न विभागों, संस्थानों और संस्थाओं में अनियमितताएं दूर करने के नाम पर एक ''फीडबैक यूनिट'' का गठन किया था। उसके लिए उपराज्यपाल से मंजूरी नहीं ली गई थी। हालांकि बाद में उपराज्यपाल नजीब जंग ने उस इकाई की वैधता पर सवाल उठाते हुए उसे खारिज कर दिया था। मगर जितने दिन भी उस इकाई ने काम किया, उसमें बहुत सारे ऐसे तथ्य इकट्ठा किए, जिसे जासूसी कहा जा रहा है। उसमें कई राजनेताओं के खिलाफ भी तथ्य इकट्ठा किए गए थे। उस इकाई की निगरानी मनीष सिसोदिया के जिम्मे थी। इस मामले में वैधानिक सवाल यह है कि जब भ्रष्टाचार पर नजर रखने के लिए भ्रष्टाचार निरोधक विभाग है, ऐसी शिकायतों पर कार्रवाई करने के लिए पुलिस है और सतर्कता आयोग है, जिन्हें संवैधानिक मान्यता है, फिर दिल्ली सरकार को अलग से एक इकाई गठित करने की क्या जरूरत पड़ी। जाहिर है, उस इकाई के गठन के बाद भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने से जुड़े तमाम महकमों का कामकाज बाधित हुआ, उनके अधिकार क्षेत्र में नाहक दखल शुरू हुई और सरकार को इसके लिए अतिरिक्त धन का प्रावधान करना पड़ा। आखिर पारदर्शी प्रशासन का दावा करने वाली आम आदमी पार्टी सरकार को इस तरह कानूनी पहलुओं की अनदेखी करने की जरूरत क्यों महसूस हुई। इस पर उससे सवाल पूछा जाना तो बनता है। इसलिए अब जब सीबीआइ इससे जुड़े सवाल पूछेगी, तो अपेक्षा की जाती है कि उसका राजनीतिकरण करने के बजाय पारदर्शिता बरतते हुए माकूल जवाब दिए जाएं।

# जवाहर नगर में योग शिविर का आयोजन...

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जैन युवती मंडल की ओर से जवाहर नगर में योग शिविर का आयोजन किया गया जिसमें प्राकृतिक चिकित्सक अंशु शर्मा ने सूर्य नमस्कार करवाकर युवतियों का हौसला बढ़ाया तथा रेकी का हिलिंग सेशन भी दिया। संगीता लोढा, ऋचा डागा, खुशबू आदि ने सहयोग प्रदान किया। योग चिकित्सक अंशु शर्मा समाज के कल्याण के लिए ऐसे आयोजनों में अपना सहयोग प्रदान करती आई है।



# चमत्कार तो मन्दिर के धोती दुपट्टा में भी हो जायेगा इसकी सही विधि करें : मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज



**टीकमगढ़. शाबाश इंडिया**

ये दुर्लभ मनुष्य पयर्या जैन कुल पाकर दो ही रास्ते हैं पूज्य बनो या पूजा करो इनके अलावा कोई मार्ग ही नहीं है तीसरा तो फिर तीये की वैठक है। इसके अलावा ना कोई मार्ग था ना है और ना ही होगा आप अपने लिए आप अपने मन्दिर का अतिशय बढ़ना चाहते हैं इसका सबसे सरल उपाय है प्रभु की भक्ति आराधना विधि पूर्वक करने पर अतिशय होगा। हर जगह अतिशय है तुम जो मन्दिर में धोती दुपट्टा पहन कर आते हो उनमें भी अतिशय इसको सही विधि से उपयोग करें तब ही ये अपना प्रभाव दिखाते हैं उक्त आश्य के उद्गार मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ने नन्दीश्वर मैदान में धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए।



## प्रतिष्ठाचार्य महोत्सव के पात्रों विधायक के साथ अतिथियों का सम्मान किया

महोत्सव के प्रवक्ता प्रदीप जैन बम्होरी ने बताया कि शाम को जिज्ञासा समाधान के दौरान श्री मद् जिनेन्द्र त्रिकाल चौबीस पंच कल्याणक महोत्सव के प्रतिष्ठा आचार्य प्रदीप भइया शुयस अशोक नगर का सम्मान शाल श्रीफल अंग वस्त्रो से कमेटी द्वारा किया गया। इसके बाद महोत्सव के मुख्य पात्र जिनेन्द्र जैन ककड़ारी को सवाई सिघई पदवी, विमल जैन मालपीथा,रमेश जैन जतारा, राजेश कुमार राजीव कुमार वर्धमान को सिघई कि उपाधि प्रदान कर साफा ललितपुर समाज के अध्यक्ष अनिल अंचल दाऊ, शील चन्द्र अनोरा, राजेन्द्र थनवारा, पंकज पार्षद, अवीनाश जैन ने पहनाया। इसके पहले टीकमगढ़ विधायक राकेश गिरि,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष व मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा, दयोदय महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेम चंद प्रेमी को सौधर्म इन्द्र वने जिनेन्द्र कुमार ककड़ारी, विमल जैन राजीव वर्धमान, डी के जैन मुरली जैन, लुइस चौधरी, गुलाव दाऊ, प्रदीप जैन बम्होरी अशोक जैन बाबा नायक ने सम्मानित किया ।

## वक्ता की प्रमाणता से वचनों की प्रमाणता होती है

वक्ता की प्रमाणता से वचनों की प्रमाणता होती हैणमोकार मंत्र की महिमा नहीं है णमोकार मंत्र पढ़ने वाले की महिमा है अभिषेक की विशेषता नहीं है जल भी वही है भगवान भी वही है लेकिन अभिषेक करने वाले की विशेषता है कि चमत्कार हो जाता है अभिषेक करने वाले के भव कैसे हैं वो किस परिणाम से प्रभु के ऊपर कलशा ढाल रहा है वैसी ही विशेषता उस गंधोदक में आ जितेगी जो काम विधि पूर्वक किया जाता है उसका फल अलग ही होता है ।

# दही के साथ क्या नहीं खाना चाहिए?



दही के साथ भूलकर भी ना खाएं ९ चीजें वरना आतों में पड़ जायेंगे छाले,पेट में बन जायेगा जहर, इसमें मौजूद अच्छे जीवाणु आपके आतों को मजबूती देते है और ये खाना हजम करने में बहुत कारगर है। इसमें अधिक मात्रा में कैल्शियम पाया जाता है जिससे यह हड्डियों को मजबूती देता है इसमें प्रोटीन भी पाया जाता है, जिससे शरीर को मासपेशियां बनाने में मदद मिलती हैं। दही के साथ आप और कुछ चीजों का सेवन करते है तो यह अमृत से सीधा जहर बन जाता है। जिसके लक्षण भी आपको दिखाई देंगे जैसे कि चक्कर आना, उल्टियां होना, सिरदर्द करना, पेट दर्द आदि हो सकते हैं।

(१) दही और आम ; देखा जाये तो गर्मियों के मौसम में हम अक्सर आम और दही खाना पसंद करते है पर इन दिनों को कभी भी नहीं खाना चाहिए, क्योंकि इनकी तासीर एकदम विरुद्ध होती है मतलब आम गर्म होता है और दही जो कि ठंडा माना जाता है।

(२) दही और खट्टे फल; दही के साथ आपको कभी भी खट्टे फल नही खाने चाहिए क्योंकि उसमें अलग-अलग एंजाइम मौजूद होते है जिससे इन दोनों को साथ में पचाने में मुश्किल होते हैं जिससे शरीर में टॉक्सिंस बनते हैं।

(३) दही और मछली; देखा जाये तो दही और मछली की तासीर एक विरूद्ध है मतलब दही जो कि ठंडा है वही मछली गरम होती है।

(४) दही और चीज; आयुर्वेद नुसार दही और चीज साथ में खाने से मना किया गया है इससे आपके शरीर पर बुरा असर पड़ता है।

(५) दही और पराठे, पूरी ; तली और भुनी चीजें दही के साथ नहीं खानी चाहिए, दही में मौजूद एजाइम फैट्स को पचाने में दिक्कत पैदा करते हैं जिससे मुश्किलो का सामना करना पड़ सकता है।

(६) दही और केला ; दही के साथ केला नही खाना चाहिए, उससे शरीर पर उल्टा असर पड़ता है अगर खाना ही है तो आप २ घण्टे बाद खा सकते हैं।

(७) दही और उड़द की दाल ; उड़द की दाल के साथ दही नही खानी चाहिए, इन दोनों का साथ में सेवन करने से यह जहर बन जाता है।

(८) दही और चिकन, खजूर ; दही के साथ चिकन और खजूर का सेवन करने से आपको मुशीबतों का सामना करना पड़ सकता है।

(९) इडली के साथ दही ; हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक वैसे तो इडली बनाने में कर्ड का इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन अगर इडली, डोसे को दही के साथ खाया जाए तो ये नुकसान पहुँचता है इसलिए भुल कर भी इडली, डोसे के साथ दही का इस्तेमाल ना करें, हालांकि ज्यादातर लोग इडली, डोसे को सांभर के साथ खाना पसंद करते हैं।



**डॉ पीयूष त्रिवेदी**
आयुर्वेदाचार्य
चिकित्साधिकारी राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय राजस्थान विधानसभा,जयपुर।
9828011871

# संगिनी मेट्रो का छठा स्थापना दिवस मनाया




जयपुर. शाबाश इंडिया

मानव एवं समाज सेवा के क्षेत्र में कार्यरत संगिनी फारम जेएसजी मेट्रो का छठा स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। अध्यक्ष मैना जैन के स्वागत उदबोधन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई। संस्थापक अध्यक्ष दीपिका जैन कोटखावदा ने बताया कि संगिनी मेट्रो की सदस्याओं ने स्थापना दिवस के मौके पर शहजादा मूवी देखी। उसके पश्चात लंच का आयोजन किया गया। संस्थापक अध्यक्ष दीपिका कोटखावदा ने बताया कि संगिनी मेट्रो ग्रुप की सदस्याऐं जरूरतमंदों की सेवा, धार्मिक और सामाजिक क्षेत्र में कार्य कर रही हैं। इस मौके पर समाजसेविका श्रीमती दिशा ठोलिया विशेष रूप से उपस्थित रही। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का कोषाध्यक्ष रेखा पाटनी, संयुक्त सचिव लीनू अजमेरा द्वारा स्वागत किया गया।

Happy Anniversary
श्री राजीव-अंजू जैन
जैन सोश्यल ग्रुप महानगर के सम्मानित सदस्य
को वैवाहिक वर्षगांठ की बहुत-बहुत बधाइयां


मोबाइल: 9829262723
शुभकामनाओं सहित
संजय छाबड़ा 'आवा' अध्यक्ष | प्रदीप जैन संस्थापक अध्यक्ष | अनुज जैन सचिव
समस्त जैन सोश्यल ग्रुप महानगर परिवार

# अग्रवाल शिक्षण महाविद्यालय एवं अग्रसेन सर्विसेज एकेडमी के संयुक्त तत्वावधान में हुआ महा सेमीनार का आयोजन



अमन जैन कोटखावदा. शाबाश इंडिया

जयपुर। सांगानेरी गेट स्थित अग्रवाल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यलय एवं अग्रसेन सिविल सर्विसेज एकेडमी के संयुक्त तत्वाधान में शिक्षक भर्ती के तैयारी पर महासेमीनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री अग्रवाल शिक्षा समिति के महासचिव नरेश सिंघल, सचिव विकास अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल, डॉ संतोश कुमार गुप्ता, राकेश गोयल, उमेश जोशी, विश्वास आत्रे, हर्ष कुंडारा, सीएस अवस्थी आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।अंत में प्राचार्य डॉ संजीव कुमार सिंघल एवं निदेशक नितिन कासलीवाल ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया ।

# वैवाहिक वर्षगांठ पर गौशाला में दिया आर्थिक सहयोग

लाडनूं. शाबाश इंडिया



दिगंबर जैन समाज, लाडनूं के अध्यक्ष एवं मयंक ग्लोबल फाइनेंस लिमिटेड, कोलकाता के चेयरमैन सुभाषचंद- सरिता बड़जात्या ने अपनी 42वीं वैवाहिक वर्षगांठ के उपलक्ष में पूर्वांचल दयोदय गौ सेवा फाउंडेशन, कोलकाता को 42 हजार रुपए की राशि ( 1 दिन का खर्च ) प्रदान किया। बताया जाता है कि इस गौशाला में वर्तमान में 730 गौवंश है। गौसेवा समिति के पदाधिकारियों ने बड़जात्या दंपत्ति के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप जैसे भामाशाह के सहयोग से ही यह समिति निर्विघ्न संचालित हो रही है। गौसेवा संघ परिवार आपके प्रति आभारी है। बताया जाता है कि भामाशाह सुभाषचंद बड़जात्या अनेकों सामाजिक धार्मिक एवं शैक्षिक संस्थाओं को नेतृत्व प्रदान करते हुए सिद्धायतन एवं आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर, सम्मेद शिखर के संरक्षक पद को सुशोभित कर रहे हैं। आपको शैक्षिक एवं सामाजिक सेवा के लिए अनेकों संस्थाओं के साथ राजस्थान सरकार द्वारा भामाशाह सम्मान-2018 प्रदान किया गया। बड़जात्या की सेवा भावना को देखते हुए पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव (5-10 फरवरी 2023) सम्मेदशिखरजी में आनत इंद्र, शिरोमणि संरक्षक तथा आचार्यश्री प्रसन्नसागर महाराज महापारणा महोत्सव समिति का स्वागताध्यक्ष भी मनोनीत किया गया।






# चौबीस मण्डलीय श्री 1008 सिद्धचक्र विधान का भव्य आयोजन 27 फरवरी से फतेहपुर में

## श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में हो रहा है भव्य आयोजन, सीकर व आसपास के क्षेत्रों सहित देश के विभिन्न स्थानों से आएंगे धर्मावलंबी

**फतेहपुर. शाबाश इंडिया**

धर्मनगरी सीकर के फतेहपुर शेखावटी में फाल्गुनके मास में सकल दिगम्बर जैन समाज द्वारा सिद्धों की आराधना के फलस्वरुप ''श्री 1008 सिद्धचक्र महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ'' का भव्य आयोजन सोमवार 27 फरवरी से 7 मार्च तक श्री 1008 शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में किया जा रहा है। मंत्री व संयोजक सुरेश गोधा ने बताया कि यह भव्य आयोजन मंदिर जी में विराजमान अतिशयकारी श्री 1008 महावीर भगवान की वेदी को 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में किया जा रहा है। चौबीस मण्डलीय इस विधान में संयम, तप, त्याग, साधना के साथ परमेष्ठी भगवंतों की आराधना की जाती है। सीकर के विवेक पाटोदी ने बताया कि इस महामहोत्सव में फतेहपुर सीकर सहित शेखावाटी से जुड़े प्रवासी जैन बंधु देश के विभिन्न क्षेत्रों सम्मिलित होंगे ।

### प्रथम दिन प्रातःकाल होने वाले मुख्य कार्यक्रम

स्वागताध्यक्ष विजय बड़जात्या व महामंत्री रामवतार सरावगी ने बताया कि विधान 27 फरवरी से 7 मार्च तक चलेगा जिसमें पहले दिन सोमवार को प्रातः आचार्य निमंत्रण, अभिषेक शांतिधारा के पश्चात ध्वजारोहण होगा। इसके पश्चात घट यात्रा निकाली जाएगी । मोनू गोधा ने बताया कि पांडाल उद्घाटन घट यात्रा तथा ध्वजारोहण कार्यक्रम के पश्चात विधानाचार्य द्वारा अन्य मांगलिक कार्य करते हुए विधान प्राकिया जाएगा।



### सिद्धचक्र मंडल विधान का यह है महत्व जैन दर्शन में

सिद्धचक्र मंडल विधान के बारे में जानकारी देते हुए प्रतिष्ठाचार्य पं. प्रदीप शास्त्री मंडावरा ने बताया कि जैन धर्म में अष्टान्हिका पर्व का विशेष महत्व बताया गया है। सिद्धचक्र महामंडल विधान में प्रथम दिन 8 अर्घ्य मंडल पर समर्पित की जाते हैं, दूसरे दिन 16 एवं तीसरे दिन 32 चौथे दिन 64 पांचवें दिन 128 छठे दिन 256 सातवें दिन 512 एवं अंतिम दिन 1024 अर्घ्य समर्पित किए जाते है। सिद्धचक्र महामंडल विधान के बारे में आचार्यों ने बतलाया कि सिद्ध शब्द का अर्थ है कृत्य कृत्य, चक्र का अर्थ है समूह और मंडल का अर्थ एक प्रकार के वृताकार यंत्र से है। इनमें अनेक प्रकार के मंत्र व बीजाक्षरों की स्थापना की जाती है।मंत्र शास्त्र के अनुसार, इसमें अनेक प्रकार की दिव्य शक्तियां प्रकट हो जाती है। सिद्धचक्र महामंडल विधान समस्त सिद्ध समूह की आराधना मंडल की साक्षी में की जाती है। जो हमारे समस्त मनोरथों को पूर्ण करती है।



# आम जनता के हित में कैंप

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्रीराम आशापूरण चैरिटेबल ट्रस्ट जयपुर शहर के द्वारा श्री गोपाल नगर मे इंदिरा गांधी शहरी क्रेडिट योजना का आम जनता के हित में एक कैंप लगाया गया। कैम्प का शुभारंभ वार्ड 78 के पार्षद रवि उपाध्याय ने किया इस कैंप में शहरी क्षेत्र में रहने वाले जरूरतमंदों को स्वरोजगार के लिए 50000 रुपए तक का लोन स्वीकृत कराने के लिए आवेदन किए गए। इस कार्य को सुचारू चलाने के लिए ट्रस्ट की कर्मठ कार्यकर्ता श्रीमती नेहा जैन का विशेष योगदान रहा। ट्रस्ट परिवार आप सभी को विश्वास दिलाता है कि आप सभी के द्वारा समाज और देश हित के कार्यों में आप सभी का निरंतर सहयोग देता रहेगा।

# श्री गांधी विद्वत महासंघ के शिरोमणि संरक्षक मनोनीत

**इंदौर. शाबाश इंडिया**



जैन समाज गौरव एवं प्रसिद्ध समाजसेवी और विभिन्न संस्थाओं में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष हंसमुख गांधी को तीर्थंकर ऋषभदेव जैन विद्वत महासंघ द्वारा शिरोमणि संरक्षक मनोनीत किया गया है। इस मनोनयन पर इंदौर दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद के अध्यक्ष राजकुमार पाटोदी मंत्री महामंत्री सुशील पांड्या, मंत्री डॉ जैनेन्द्र जैन फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश विनायका महावीर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री अमित कासलीवाल एवं परवार समाज महिला संगठन की अध्यक्ष श्रीमती मुक्ता जैन, मीडिया प्रभारी राजेश जैन दद्दू एवं संजीव जैन संजीवनी ने हार्दिक बधाई दी ।

# आज से प्राइवेट हॉस्पिटलों में आरजीएचएस और चिरंजीवी योजना के तहत हो सकेगा इलाज

**जयपुर. कांस।** राज्य के लोगों के लिए बड़ी राहत की खबर है। राजस्थान में राइट टू हैल्थ बिल को लेकर प्राइवेट हॉस्पिटल संचालकों का चल रहा आंदोलन आज से स्थगित हो गया है। इस निर्णय के बाद आज से प्राइवेट हॉस्पिटल में आरजीएचएस और चिरंजीवी योजना के तहत ओपीडी और आईपीडी में मरीजों का इलाज हो सकेगा। हॉस्पिटल संचालकों की ओर से बनाई स्टेट ज्वाइंट कमेटी ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मुलाकात के बाद अपना आन्दोलन स्थगित करने का फैसला किया। कमेटी के चेयरमैन डॉ. सुनील चुघ ने बताया कि बिल पर अपनी बात रखने को लेकर हमारी मुख्यमंत्री से मुलाकात हुई, जहां उन्होंने हमारी बातों को सुना और उन्होंने आश्वासन दिया कि डॉक्टरों और हॉस्पिटल संचालकों के हितों का बिल में पूरा ध्यान रखा जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने मुख्य सचिव को भी बिल में डॉक्टरों के सुझाव और संशोधनों को लागू करने के निर्देश दिए।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतु का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com